SHASKIYA MAHAPRABHU VALLABHACHARYA SNATKOTTAR MAHAVIDYALAYA, MAHASAMUND (C.G.) 493445


Accredited With Grade “C” by NAAC

Registered Under Section 2f & 12 (B) of UGC Act, AISHE Code C-21676


Affiliated to Pt. Ravishankar Shukla University, Raipur (C.G.)

# Gender equity and celebration of days of National/International commemoration


# (1) CCTV


GPS Map Camera
Mahasamund, Chhattisgarh, India
33W6+JRV, Chhattisgarh 493445, India
Lat 21.09662°
Long 82.062345°
22/03/23 05:53 PM GMT +05:30
Google



GPS Map Camera
Mahasamund, Chhattisgarh, India
33W6+JRV, Chhattisgarh 493445, India
Lat 21.09654°
Long 82.062235°
22/03/23 05:52 PM GMT +05:30
Google


GPS Map Camera
Mahasamund, Chhattisgarh, India
33W6+JRV, Chhattisgarh 493445, India
Lat 21.096558°
Long 82.061966°
22/03/23 05:51 PM GMT +05:30
Google

# (2) Abhykti App and Women protection








(ऐप के माध्यम से शिकायत)

**Women Safety App Abhivyakti:** छत्तीसगढ़ पुलिस ने महिलाओं, बच्चियों की सुरक्षा और शिकायतों का समाधान करने के लिए ऐप बनाया है. 2 फीचर्स से लैस ऐप का नाम है 'अभिव्यक्ति'. नए साल पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने किया शुभारंभ कर महिलाओं को खास गिफ्ट दिया. लोकेशन के हिसाब से SOS का बटन दबाते ही यूजर के पास तुरंत पुलिस सहायता पहुंचेगी. ऐप के माध्यम से ...लाएं कहीं से भी शिकायत पुलिस के ... दर्ज करा सकेंगी. वर्तमान में एसओएस प्रणाली डायल 112 के संचालित जिलों में लागू किया गया है. शिकायत प्रणाली का संचालन छत्तीसगढ़ के समस्त जिलों में होगा.



आयोजन 'अभिव्यक्ति नारी के सम्मान की' थीम पर महिला सुरक्षा व साइबर अपराध विषय पर हुआ व्याख्यान

# छात्राओं को दी महिला सुरक्षा और साइबर अपराध की जानकारी

महासमुंद(नईदुनिया न्यूज)। शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद की एनएसएस संयुक्त इकाई, राजनीति विज्ञान विभाग, वाणिज्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में प्राचार्य डा. ज्योति पांडेय के निर्देशानुसार व पुलिस विभाग महासमुंद के सहयोग से 'अभिव्यक्ति नारी के सम्मान की' थीम पर महिला सुरक्षा व साइबर अपराध विषय पर व्याख्यान का आयोजन शुक्रवार को कालेज परिसर में किया गया।

कार्यक्रम में स्वयंसेवक शीतल साहू के द्वारा सरस्वती वंदना व छात्रा रंजीता पोंगलो ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। डा. मालती तिवारी जिला संगठक रासेयो एवं विभागाध्यक्ष राजनीति विज्ञान ने स्वागत भाषण पाठन किया। कार्यक्रम में उपस्थित साइबर क्राइम विभाग के प्रवीण शुक्ला द्वारा साइबर अपराध व उससे बचाव पर व्याख्यान दिया गया। शुक्ला ने वर्तमान में आनलाइन बैंकिंग, डिजिटल लेन देन, डेबिट व क्रेडिट कार्ड का किस प्रकार सावधानी पूर्वक उपयोग करना चाहिए, सोशल नेटवर्किंग फेसबुक, वाट्सएप का सावधानी पूर्वक इस्तेमाल, गूगल में फेक वेबसाइट एवं एडवरटाइज से किस प्रकार से बचना है इन सभी विषयों पर विस्तृत चर्चा कर छात्र-छात्राओं को उदाहरण के माध्यम से अवगत कराया। साइबर क्राइम के लिए हेल्प लाइन नंबर 9977620030 की जानकारी प्रदान की गई। मुख्य वक्ता कुमारी चंद्राकर प्रभारी अधिकारी सिटी कोतवाली ने महिला सुरक्षा के लिए पुलिस द्वारा नवगठित शक्ति टीम व उसकी कार्यप्रणाली के संबंध में विस्तार पूर्वक बताया। किसी भी प्रकार की समस्या होने पर हेल्पलाइन नंबर 9479230091 से सहायता प्राप्त करने, छत्तीसगढ़ में संचालित सखी वन स्टॉप सेंटर व कार्यस्थल पर महिला के साथ किसी प्रकार का दुर्व्यवहार होने पर धाराओं के बारे में अवगत कराया गया। डॉ अनुसुइया अग्रवाल प्रभारी प्राचार्य ने महिलाओं के लिए साइबर सुरक्षा पर आयोजित इस कार्यक्रम की सराहना की व स्वरचित कविता के माध्यम से वर्तमान समाज मे महिलाओं की भूमिका को समझाया।


कार्यक्रम का संचालन राजेश्वरी सोनी कार्यक्रम अधिकारी व धन्यवाद ज्ञापन प्रो. अजय कुमार राजा कार्यक्रम अधिकारी रासेयो ने किया। उक्त कार्यक्रम में डा. जया ठाकुर, डा. रीता पांडे, डा. दुर्गावती भारती, सीमारानी प्रधान, अतिथि प्राध्यापक प्राची गुप्ता व गुप्तेश नामदेव, रासेयो स्वयंसेवक, राजनीति विज्ञान विभाग, वाणिज्य विभाग के 150 छात्र-छात्राएं एवं पुलिस विभाग की टीम उपस्थित रही।

व्याख्यान मे उपस्थित छात्राएं। ● नईदुनिया






अभिव्यक्ति
महिलाओं के प्रति अपराधों से संबंधित
कानून

**(03) Anti-Ragging**



# (04) Women Harassment committee



महिला उत्पीड़न निवारण समिति


शा० महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद

सह संयोजक डॉ. जया ठाकुर

संयोजक डॉ. अनुसुइया अग्रवाल

प्राचार्य
शासकीय ... स्नातकोत्तर
महाविद्यालय महासमुंद (छ.ग.)

सदस्य =
डॉ. मालती तिवारी
डॉ. दुर्गावती भारतीय



दिनांक 06-01-22

महिलाओं की समस्याएं और उनका निराकरण हेतु कार्यशाला

आज दिनांक 06-01-2022 को महिला उत्पीड़न निवारण समिति द्वारा जागरूकता अभियान के तहत स्नातकोत्तर कक्षा में अध्ययनरत छात्राओं की समस्याओं को जानने एवं उनके निराकरण हेतु कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में एम.ए. तृतीय सेमेस्टर की छात्रायें सम्मिलित हुई।


समिति की सह संयोजक डॉ. जया ठाकुर ने छात्राओं की समस्याओं का बहुत सरल तरीके से समाधान किया। डॉ. नीलम अग्रवाल ने महिलाओं के अधिकारों पर विस्तार से चर्चा की। छात्राओं ने खुलकर शारीरिक, मानसिक, पारिवारिक समस्याओं पर अपनी बात रखी। कार्यक्रम का संचालन डॉ० दुर्गावती भारतीय ने किया।


उपस्थित प्राध्यापक —

1. डॉ. नीलम अग्रवाल — 6.1.2022
2. सीमारानी प्रधान — 6/1/2022
3. दीपा सोनकर —
4. डॉ. मालती तिवारी —
5. डॉ० दुर्गावती भारतीय —

## (05) Girls Common rooms and vending machine



## (06) Celebration of Women's oriented Special Days






Page No. 11
Date :

# सावित्रीबाई फुले जयंती

दिनाँक - 03-01-2023

आज दिनाँक 03-01-2023 को भारत की प्रथम महिला शिक्षिका, समाजसेविका, मराठी कवियित्री के जन्मदिवस पर महाविद्यालय में उन्हें स्मरण करते हुए जयंती पर विचार-गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि संस्था की प्राचार्य डॉ. अनुसुईया अग्रवाल थी।

विषय - "सावित्री बाई फुले का जीवन-दर्शन और महिला शिक्षा"

मुख्यवक्ता - डॉ. मालती तिवारी वि. राज., डॉ. नीलम अग्रवाल वि. अं., डॉ. ई. पी. चेलक वि. वन.

संयोजक 3/1/23
साहित्यिक सांस्कृतिक समिति


03/01/2023
प्राचार्य
प्राचार्य
शास.महाप्रभुवल्लभाचार्य स्नातकोत्तर
महाविद्यालय,महासमुन्द (छ.ग.)

उपस्थित प्राध्यापकगण -

1. Smt Karuna Dubey
2. Dr. Maalti तिवारी
3. Dr. Neelam Agrawal
4. Dr. E. P. Chelak -
5. Priyanka Sonwani -
6. Priyanka Chakradhari
7. Manisha Behra -
8. RAJESHWARY Soni -
9. Dr Jeevan lal Chandrakar -
10. PARVEEN KARIM -
11. Namrata Tambole
12. Mrinali Chandrakar -
13. Ranjita patel -
14. Smt Gayatri Chandrakar - Gayatri
15. Mr. Naresh kumar
16. Shivani Taoaber
17. Roshani Dhruw
18. RUPTESH NAMDEV
19. Vijay kumar Mirche 03.01.2023
20. Jagdish kumar satyam 03.01.2023
21. Saraswati seth 03.01.2023
22. Dr. Durgawati bhartiya -

Date :


भारत की प्रथम महिला शिक्षिका
03 जनवरी
GPS Map Camera
Mahasamund, Chhattisgarh, India
33W6+JRV, Chhattisgarh 493445, India
Lat 21.096467°
Long 82.062097°
03/01/23 04:05 PM GMT +05:30
Google


भारत की प्रथम महिला शिक्षिका
सावित्रीबाई ज्योतिराव फुले की जयंती
03 जनवरी
GPS Map Camera
Mahasamund, Chhattisgarh, India
33W6+JRV, Chhattisgarh 493445, India
Lat 21.096467°
Long 82.062097°
03/01/23 04:05 PM GMT +05:30
Google

# (07) Mahatma Gandhi Jyanti



16.10.2019

## महात्मा गांधी के जीवन मूल्यों और कार्यों पर आधारित प्रश्न मंच प्रतियोगिता में दिखाई रुचि

महासमुंद। नईदुनिया न्यूज

महाविद्यालय में गांधी जयंती की 150 वीं वर्षगांठ पर गांधी जी के जीवन मूल्यों एवं कार्यों पर आधारित प्रश्न मंच प्रतियोगिता का आयोजन जिला प्रशासन एवं नव किरण किरण पीएससी नि:शुल्क कोचिंग के पहल पर किया गया।

प्राचार्य डॉ. ज्योति पांडेय के निर्देशन में कार्यक्रम की संयोजक डॉ. रीता पांडेय, विभागाध्यक्ष इतिहास सहसंयोजक डॉ. दुर्गावती भारतीय, सदस्य अजय कुमार राजा, आकाश बाघमारे ने प्रश्न मंच कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें महाविद्यालय के 62 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। विद्यार्थियों के 14 ग्रुप बनाया गया था। विद्यार्थियों को गांधीजी के जीवन दर्शन दक्षिण अफ्रीका में गांधीजी के संघर्ष, असहयोग आंदोलन, भारत छोड़ो आंदोलन, गांधी इरविन समझौता, खेड़ा सत्याग्रह, साबरमती आश्रम इत्यादि से संबंधित प्रश्न पूछे गए। प्रश्न मंच प्रतियोगिता में चार विद्यार्थियों का चयन महाविद्यालय स्तर पर किया गया। ज्योति सहिस एमए तृतीय सेमेस्टर इतिहास, प्रमोद कुमार बी कॉम भाग दो, पुलस्त साहू बीएससी भाग एक, दुर्गा साहू बीए भाग तीन का चयन किया गया। चयनित प्रतिभागी 16 अक्टूबर को डाइट में आयोजित विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

कार्यक्रम का संचालन सहायक प्राध्यापक वाणिज्य अजय कुमार राजा ने किया। चयनित प्रतिभागियों को डा अनुसुइया अग्रवाल, डॉ. ए करीम, करुणा दुबे, एस बरवा, एमएस वर्मा, डॉ. नीलम अग्रवाल, आरके अग्रवाल, डा मालती तिवारी, डॉ.ईपी चेलक, मनीराम धीवर, राजेश्वरी सोनी, प्राची गुप्ता, परवीन करीम ने हर्ष व्यक्त किया।

प्रश्नमंच प्रतियोगिता मे शामिल छात्र-छात्राएं। ● नईदुनिया





दैनिक भास्कर **महासमुंद** 14-10-2021

# रासेयो ने चलाया स्वच्छता अभियान

भास्कर न्यूज़ | महासमुंद

राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से मंगलवार को स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान के तहत पीजी कॉलेज, शहीद स्मृति उद्यान सहित आसपास के क्षेत्रों में सफाई की गई।

प्राचार्य डॉ. ज्योति पांडेय व रासेयो जिला संगठक डॉ. मालती तिवारी के निर्देशन एवं कार्यक्रम अधिकारी अजय कुमार राजा व राजेश्वरी सोनी के मार्गदर्शन में स्वयंसेवकों ने मंगलवार को महाविद्यालय परिसर, शहीद स्मृति उद्यान, स्वामी विवेकानंद उद्यान, हर्बल गार्डन में स्वच्छता अभियान चलाया। स्वयं सेवकों ने शहीद स्मृति उद्यान में लगे पेड़ पौधों के आसपास की साफ सफाई कर पौधों में पानी डाला। साथ ही खाली जगहों में उगे कंटीली झाड़ियों को हटाया। स्वच्छता अभियान कार्यक्रम में वरिष्ठ स्वयंसेवक प्रकाशमणि साहू,



महासमुंद। स्वच्छता अभियान के तहत सफाई करते हुए स्वयं सेवक।

## सभी इकाइयों में चलाया जा रहा है अभियान

गौरतलब है कि भारत सरकार युवा कार्यक्रम, खेल मंत्रालय एवं राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निदेशालय के आदेशानुसार 1 से 31 अक्टूबर तक स्वच्छ भारत कार्यक्रम का आयोजन सभी इकाइयों में किया जाना है। इसी के तहत शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सफाई अभियान चलाया गया।

गजेंद्र पटेल, दुर्गेश पटेल, ठलेश साहू, रोहित ढीमर, मनीष चौहान, ऋषभ राजपूत, सुशील निषाद, ढलेश्वरी साहू, पूर्णिमा साहू, अंजली अग्रवाल, सोनम साहू, वर्षा, चेतन, खेमराज यदु, दीपक, रविकिशन सहित 30 स्वयंसेवक उपस्थित रहें।

# (08)International AIDS day




## विश्व एड्स दिवस पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन



**महासमुंद/ट्रैक सीजी।** 1 दिसंबर विश्व एड्स दिवस के अवसर पर प्राचार्य डॉ ज्योति पांडेय के निर्देशानुसार शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद के शहर में स्थित वाणिज्य भवन में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, यूथ रेडक्रॉस सोसायटी एवं रेड रिबन क्लब के संयुक्त तत्वावधान में जिला सँगठक रासेयो जिला महासमुंद डॉ मालती तिवारी व जिला सँगठक इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी श्री अशोक गिरी गोस्वामी जी के मार्गदर्शन में विश्व एड्स दिवस मनाया गया । इस कार्यक्रम में महाविद्यालयीन छात्र छात्राओं के लिए नारा लेखन और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । निबंध लेखन प्रतियोगिता का विषय - एड्स वैश्विक एकजुटता, साझा जिम्मेदारी था जिसमे 14 छात्र छात्राओं कु. त्रिमती ध्रुव, द्रोपति ध्रुव, हेमंत कुमार सिन्हा, दीपिका दीवान, देव श्री सिन्हा, हेमा साहू, सरिता भोई, हिमांशी श्रीवास, रोशनी प्रधान, मुस्कान बागड़ी, वंदना सेन, रोहित ढीमर, मनीष चौहान, अंजली अग्रवाल ने भाग लिया ,पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का विषय - एड्स जानकारी ही बचाव रहा जिसमे कुल 11 छात्र छात्राओं ईश्वरी सिन्हा, रितिक पहरिया, अंजली अग्रवाल, इंदू मारकंडे, नौसाबा खान, पुष्पा निषाद, अंजली सिंह, खेमराज यदु, रोशनी बरिहा, आरती सिन्हा, वंशिका सिन्हा ने भाग लिया । इस प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में डॉ मालती तिवारी, श्रीमती परवीन करीम, सुश्री प्राची गुप्ता, श्री गुप्तेश नामदेव व श्री योगेश कुमार साहू थे । निबंध लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर कु. सरिता भोई एमएससी रसायनशास्त्र तृतीय सेमेस्टर व द्वितीय स्थान देवश्री सिन्हा बीएससी प्रथम वर्ष रही इसी प्रकार से पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रितिक पहरिया बीए प्रथम वर्ष ,द्वितीय स्थान कु. रोशनी बरिहा ने प्राप्त किया । विजेता प्रतिभागियों को मोमेन्टो प्रदान कर पुरुस्कृत किया गया।


सुरक्षित बनायेंगे यौन संबंध
“एड्स” हो जाएगा जड़ से खतम।
(यूथ रेड क्रॉस पीजी. कॉलेज
महासमुंद)


उचित जागरूकता एवं जानकारी से,
आप बच सकते है “एड्स” की बीमारी से।
रा.से.यो. पीजी. कालेज महासमुंद


DON'T FORGET
WORLD AIDS DAY
December-1
CHECK BLOOD BEFORE USE
WORLD AIDS DAY
HIV/AIDS
DON'T USE USED SYRINGES
FIGHT AIDS
FIGHT AIDS
AWARENESS CAMPAIGN AIDS
STOP HIV/AIDS
SAVE YOUR SELF
SAVE THE WORLD
ANIL

# रेडक्रॉस इकाई ने दीवारों पर नारा लेखन कर एड्स से बचने के लिए उपाय बताए

## पोस्टर मेकिंग में अनिल, निबंध स्पर्धा में अदिति ने मारी बाजी

**भास्कर न्यूज़ | बिरकोनी**

छत्तीसगढ़ राज्य एड्स नियंत्रण समिति रायपुर के निर्देशानुसार 1 दिसंबर को विश्व एड्स दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्वयंसेवक प्रकाशमणि साहू के नेतृत्व में रूपलाल साहू ,वीरेन्द्र साहू द्वारा कोविड 19 के नियमों का पालन करते ग्राम भोरिंग में जनजागरूकता रैली निकालकर दीवारों पर नारा लेखन कर लोगों को एड्स से बचाव व रोकथाम की जानकारी दी गई।

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद की यूथ रेडक्रॉस ईकाई, रेड रीबन क्लब व राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के पदाधिकारियों ने प्राचार्य डॉ. ज्योति पांडेय के निर्देशन व प्रो. अजय कुमार राजा प्रभारी अधिकारी



बिरकोनी। दीवार पर नारा लेखन करते हुए स्वयं सेवक।

यूथ रेडक्रॉस व राजेश्वरी सोनी कार्यक्रम अधिकारी के मार्गदर्शन में पोस्टर मेकिंग व निबंध प्रतियोगिता का आयोजन वर्चुअल प्लेटफार्म में किया। प्रतिभागियों द्वारा एड्स से बचाव व रोकथाम के संबंध में जागरूकता लाने पोस्टर व निबंध तैयार कर प्रभारी अधिकारी अजय कुमार राजा को मेल व व्हाट्सएप से भेजा।

### विजेताओं का पुरस्कार समारोह में होगा सम्मान

पोस्टर प्रतियोगिता में 13 व निबंध में 22 प्रतिभागियों ने सहभागिता दी। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में बीए प्रथम वर्ष के छात्र अनिल खोसले ने प्रथम स्थान, अनुज चन्द्राकर व रोशनी बरिहा ने संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान व सुमन यादव व धनंजय ने सयुंक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। निबंध में बीएससी प्रथम वर्ष की छात्रा अदिति पांडे ने प्रथम स्थान, प्रतीक मारू व प्रकाशमणि साहू ने संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान, पीतांबर कुमार व चंचल अग्रवाल ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजयी प्रतिभागियों को महाविद्यालय के वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में सम्मानित किया जाएगा।

# (09) National Yoga Day

## पीएम का सन्देश सुनते हुए किया योग

**महासमुंद।** शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद में योग विभाग व रासेयो इकाई के संयुक्त तत्वावधान में प्राचार्य डॉ ज्योति पांडेय के निर्देशानुसार योगा फॉर ह्यूमैनिटी थीम पर आठवां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। सर्वप्रथम प्रातः 6:40 को प्रधानमंत्री का अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर संदेश वाचन को विद्यार्थियों एवं महाविद्यालयीन स्टाफ को सुनाया गया।

सरस्वती सेठ प्रभारी योग विभाग ने योग के लाभ को बताते हुए कहा कि हम प्रतिवर्ष 21 जून को ही अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाते हैं। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर अजय कुमार राजा ने बताया कि योगाभ्यास से शारीरिक, मानसिक, भावात्मक स्वास्थ्य के सुधार के साथ-साथ संतुलन एकाग्रता जैसी क्षमताएं विकसित कर सकते हैं। इस अवसर पर योग शिक्षिका रुक्मणी साहू एवं योग विद्यार्थी तोरण यादव ने योग के विभिन्न प्राणायाम एवम आसनों जैसे ताड़ासन, मंडूकासन, भुजंगासन मकरासन, शवासन आदि के बारे में अभ्यास कराते हुए इनसे होने वाले लाभ के बारे में विस्तृत जानकारी दी। योगाभ्यास के दौरान रुक्मणी साहू ने यह भी बताया कि अभ्यासों में नियमितता होनी आवश्यक है। हमें प्रत्येक अभ्यास ईमानदारी एवं निष्ठा के साथ करनी चाहिए योग को अपने दैनिक दिनचर्या में शामिल करने का संकल्प भी लिया गया। कार्यक्रम में मनीराम धीवर विभागाध्यक्ष भौतिकी, डॉक्टर वैशाली गौतम हिरवे विभागाध्यक्ष मनोविज्ञान, राजेश्वरी सोनी रासेयो कार्यक्रम अधिकारी महिला इकाई, अजय देवांगन विभागाध्यक्ष कंप्यूटर विभाग, आशुतोष गोस्वामी दिलीप बढ़ाई, दिलीप लहरे क्रीडा अधिकारी, शेष नारायण साहू, राजेश शर्मा, राकेश जांगड़े, कपिल पेन्द्रिया, मुकेश पेन्द्रिया, एनएसएस एवं योग विभाग के विद्यार्थी उपस्थित रहे।



योग करते कालेज स्टाफ। ● अजय राजा



# रैली निकाल दिया निरोग रहने संदेश




हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

रासेयो जिला संगठक डॉ.मालती तिवारी के निर्देशानुसार फिट इंडिया साइक्लोथान कार्यक्रम के अंतर्गत शनिवार को शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में योग शिक्षक प्रियम्बदा शर्मा ने स्वयं सेवकों को योगाभ्यास कराकर, योग के माध्यम से फिट व स्वस्थ रहने पर जोर दिया। पश्चात महाविद्यालय से फिट इंडिया साइक्लोथान रैली निकाली गई। इसमें शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद, शासकीय माता कर्मा कन्या महाविद्यालय महासमुंद, इंडियन कॉलेज ऑफ एजुकेशन महाविद्यालय के रासेयो स्वयं सेवकों ने इस रैली में भाग लिया। इस जागरुकता रैली में स्वास्थ्य, स्वच्छता, योग आदि के बारे में विभिन्न नारों के माध्यम से ग्राम मचेवा के ग्रामवासियों को फिट रहने , स्वस्थ व निरोग रहने का संदेश दिया।

इस कार्यक्रम में शासकीय पीजी कॉलेज महासमुंद कार्यक्रम अधिकारी पुरुष इकाई अजय कुमार राजा, शास. माता कर्मा कन्या महाविद्यालय कार्यक्रम अधिकारी डॉ.सरस्वती वर्मा, इंडियन कॉलेज कार्यक्रम अधिकारी नियास अली महासमुंद, शासकीय महाविद्यालय महासमुंद कार्यक्रम अधिकारी महिला इकाई राजेश्वरी सोनी, चुम्मन लाल निषाद, रामप्रसाद साहू, विजय कुमार मिर्चे तीनों महाविद्यालय के कुल 120 स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

नवभारत
छत्तीसगढ़ • ओडिशा
Mahasamund - 22 Jun 2021 - msd4

# प्रात: एक घंटे किया योगाभ्यास



**महासमुंद.** शास. पीजी कॉलेज में योग विभाग व रासेयो इकाई के संयुक्त तत्वावधान में प्राचार्य डॉ. ज्योति पांडे के निर्देशानुसार बी विथ योग बी एट होम थीम पर वर्चुअल मोड गूगल मीट पर योगाभ्यास का आयोजन प्रातः 6 से 7 बजे तक किया गया. प्रभारी प्राचार्य प्रो. एस बरवा ने इस अवसर पर कहा कि योग हमारी दिनचर्या में प्रभावशाली है, प्रतिदिन योग करने से तन-मन में स्फूर्ति रहती है व मस्तिष्क तनाव मुक्त रहता है. इस अवसर पर प्रशिक्षक कु. रूक्मणी साहू ने योग के विभिन्न आसनों का अभ्यास करवाते हुये अलग-अलग बीमारयों को दूर करने एवं योग से होने वाले शारीरिक लाभ के बारे में बताया. इस वर्चुअल योगाभ्यास में डॉ. अनुसुइया अग्रवाल, डॉ. जया ठाकुर, प्रो. करूणा दुबे, रासेयो जिला संगठक डॉ. मालती तवारी, डॉ. रीता पांडे, प्रो. एसएस वर्मा, प्रो. सी खलखो, डॉ. ईपी चेलक, मनीराम धीवर, डॉ. वैशाली गौतम हिरवे, यूथ रेडक्रॉस प्रभारी व कार्यक्रम अधिकारी अजय कुमार राजा, श्रीमती राजेश्वरी सोनी, मुकेश पेंदरिया, दल नायक लक्ष्मण सिन्हा, प्रकाशमणि साहू आदि शामिल होकर अपने घर परिवार के साथ योगाभ्यास किया तथा योग को अपनी दैनिक दिनचर्या में शामिल कर स्वस्थ रहने का संकल्प लिया.

# तोरण ने भुजंगासन में बनाया वर्ल्ड रिकार्ड

**महासमुंद(वि)।** शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद के योग विभाग के छात्र तोरण यादव ने योग के भुजंग आसन करके वर्ल्ड रिकार्ड बनाया। छह दिसंबर को जीसा भारत के द्वारा आयोजित वर्ल्ड भुजंगासन की आनलाइन प्रतियोगिता में शामिल होकर महाविद्यालय के योग विभाग के छात्र व राष्ट्रीय सेवा योजना पुरुष इकाई के स्वयंसेवक तोरण यादव ने लगातार 20 मिनट होल्ड करने का वर्ल्ड रिकार्ड बनाते हुए गोल्ड मैडल जीता और वर्ल्डवाइड बुक आफ रिकार्ड में अपना नाम दर्ज कराया। तोरण यादव जब योग सीख रहे थे तब से लेकर आज तक कठिन परिश्रम करते रहे हैं।

इसके पूर्व वे विश्व योगा चैंपियनशिप 2019 में बुल्गारिया में दो रजत व एक कांस्य पदक जीतकर उन्होंने भारतीय तिरंगा लहराया था। पढ़ाई व योग के साथ-साथ अपने जीविकोपार्जन के लिए व वे हाड़ाबंद के समीप बीरा फ्यूल्स में मैनेजर के पद पर काम करते हैं। तोरण यादव की इस उपलब्धि पर शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद की प्राचार्य डा. ज्योति पांडेय, प्राध्यापकगण डा.अनुसुइया अग्रवाल, डा. जया ठाकुर, प्रो करुणा दुबे, डा. ईपी चेलक, प्रो सी खलखो, प्रो एम एस वर्मा, डा.रीता पांडे, रासेयो जिला संगठक डा. मालती तिवारी, डा. नीलम अग्रवाल, डा. रमाकांत अग्रवाल, वैशाली गौतम हिरवे, प्रो मनीराम धीवर, डा दुर्गावती भारतीय, सीमारानी प्रधान, रासेयो कार्यक्रम अधिकारी अजय कुमार राजा, लेफ्टिनेंट प्रदीप कन्हेर, सरस्वती सेठ, राजेश्वरी सोनी, क्रीड़ा अधिकारी दिलिप लहरे, कार्यालय प्रमुख राजेश शर्मा, एसआर मन्नाडे, योग शिक्षिका रूखमणी साहू, कपिल पेंदरिया, मुकेश पेंदरिया, जीएल चंद्राकर, भूपण साहू, वेद देवांगन, कुंदन देवांगन ने हर्ष जताया है।



राष्ट्रीयध्वज लहराते छात्र तोरण यादव।

● सौ. अजय राजा

# (10) National Youth Day

## महाविद्यालय में युवा दिवस पर विवेकानंद की जयंती मनाई गई




**महासमुंद/ट्रैक सीजी।** शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद में प्राचार्य डॉ ज्योति पांडेय के निर्देशानुसार आज दिनाँक 12 जनवरी को युवा दिवस के अवसर पर स्वामी विवेकानंद जी की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर महाविद्यालय के विवेकानंद उद्यान में स्थित स्वामी विवेकानंद जी की मूर्ति पर माल्यार्पण कर पूजा अर्चना की गई । प्राचार्य डॉ ज्योति पांडेय ने इस अवसर पर महाविद्यालय के अधिकारियों व कर्मचारियों को सम्बोधित करते हुवे कहा कि स्वामी विवेकानंद जी युवाओं के आदर्श और प्रेरणाश्रोत रहे हैं, उन्?होंने रामकृष्?ण मठ, रामकृष्?ण मिशन और वेदांत सोसाइटी की नींव रखी थी. स्वामी जी की बुद्धिमानी और हाजिर जवाबी की पूरी दुनिया कायल थी। विवेकानंद बहुत कम उम्र में ही संन्यासी बन गए थे, पश्चिमी देशों को योग-वेदांत की शिक्षा से अवगत कराने का श्रेय भी स्वामी जी को ही जाता है, स्वामी विवेकानंद ने 19वीं शताब्दी के अंत में विश्व मंच पर हिंदू धर्म को एक मजबूत पहचान दिलाई थी. बहुत कम उम्र में ही उनका झुकाव अध्यात्म की तरफहो गया था । कहा जाता है कि मां के आध्यात्मिक प्रभाव और पिता के आधुनिक दृष्टिकोण के कारण ही स्वामी जी को जीवन को अलग नजरिए से देखने का गुण मिला । स्वामी विवेकानंद जी को अपने आदर्श बताते हुए डॉ ईश्वरी प्रसाद चेलक विभागाध्यक्ष वनस्पति शास्त्र ने कहा की स्वामी जी केवल एक व्यक्ति नही बल्कि एक व्यापक विचारधारा है , उनकी कही गई बातें आज भी प्रासंगिक व प्रेरणादायक है। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकगण डॉ अनुसुइया अग्रवाल, डॉ. जया ठाकुर, डॉ. रीता पांडेय, डॉ. करुणा दुबे, प्रो सी खलखो, प्रो एम एस वर्मा, डॉ मालती तिवारी, डॉ. नीलम अग्रवाल, डॉ. वैशाली गौतम हिरवे, प्रो. मनीराम धीवर, श्रीमती सीमारानी प्रधान, प्रो अजय कुमार राजा, श्रीमती सरस्वती सेठ, श्रीमती राजेश्वरी सोनी, श्री राजेश शर्मा, श्री एस आर मन्नाडे, श्री जी एल चंद्राकर, श्री भूषण साहू, श्री मुकेश सिन्हा, श्री टीकम साहू, डॉ जीवन चंद्राकर, श्री आशुतोष गोस्वामी, श्री अंजन भोई , रेणुका साहू, नम्रता तांबोली, श्री केशर कश्यप, श्री वेद देवांगन, श्री कुंदन देवांगन एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे ।


## स्वामी विवेकानंद व्यक्ति नहीं, एक व्यापक विचारधारा भी




महासमुंद। शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद में प्राचार्य डॉ ज्योति पांडेय के निर्देशानुसार युवा दिवस पर स्वामी विवेकानंद की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर महाविद्यालय के विवेकानंद उद्यान में स्थित स्वामी विवेकानंद की मूर्ति पर माल्यार्पण कर पूजा अर्चना की गई। इस मौके पर प्राचार्य डॉ ज्योति पांडेय ने कहा कि स्वामी विवेकानंद युवाओं के आदर्श और प्रेरणाश्रोत रहे हैं। उन्हों ने रामकृष्णं मठ, रामकृष्णप मिशन और वेदांत सोसाइटी की नींव रखी थी। स्वामी की बुद्धिमानी और हाजिर जवाबी की पूरी दुनिया कायल थी। विवेकानंद बहुत कम उम्र में ही संन्यासी बन गए थे, पश्चिमी देशों को योग-वेदांत की शिक्षा से अवगत कराने का श्रेय भी स्वामी को ही जाता है। स्वामी विवेकानंद को अपने आदर्श बताते हुए डॉ ईश्वरी प्रसाद चेलक विभागाध्यक्ष वनस्पति शास्त्र ने कहा कि स्वामी केवल एक व्यक्ति नही, बल्कि एक व्यापक विचारधारा है। उनकी कही गई बातें आज भी प्रासंगिक व प्रेरणादायक है। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकगण डॉ अनुसुइया अग्रवाल, डॉ जया ठाकुर, डॉ रीता पांडेय, डॉ करुणा दुबे, प्रो सी खलखो, प्रो एमएस वर्मा, डॉ मालती तिवारी, डॉ नीलम अग्रवाल, डॉ वैशाली गौतम हिरवे, प्रो मनीराम धीवर, सीमारानी प्रधान, प्रो अजय कुमार राजा, सरस्वती सेठ, राजेश्वरी सोनी, दिलीप लहरे, राजेश शर्मा, एसआर मन्नाडे, जीएल चंद्राकर, भूषण साहू, मुकेश सिन्हा, टीकम साहू, डॉ जीवन चंद्राकर, मुकेश पेंदरिया, कपिल पेंदरिया, आशुतोष गोस्वामी, अंजन भोई, रेणुका साहू, नम्रता तांबोली, केशर कश्यप मौजूद रहे।


महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय
महासमुन्द, छत्तीसगढ़
का हार्दिक अभिनंदन करता है...


12 JAN
Everthing is easy When you are busy But Nothing is easy When you are Lazy
NATIONAL
YOUTH DAY
उठो, जागो और तब तक नही रुको जब तक लक्ष्य ना प्राप्त हो जाये
RAMAKRISHNA MISSION


NATIONAL YOUTH DAY
Stenth is life
weekness is death
Whats Gives India The Edge over The world? Its youth
Experience is the only teacher we have we may talk and reason tell our lives but we shall not understand a word of truth.
Welcome to all
Arise! Awake! and stop not until the goal is reached
youth is the gift of nature
But age is a work of art
NATIONAL YOUTH DAY


YOUTH DAY
12th JANUARY
STRENGTH IS LIFE,
WEAKNESS IS DEATH.
NAME - LAXMI CHANDRAKAR
CLASS - BSC 1ST YEAR(BIO)
MV.PG. COLLEGE.

## (11) Anti-Tobacco Day

# 'तंबाकू का सेवन करने वालों को कोरोना का खतरा अधिक'

महासमुंद (नईदुनिया न्यूज)। शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद व शासकीय इंजीनियरिंग कालेज पाटन गुजरात के संयुक्त तत्वावधान मे एक भारत श्रेष्ठ भारत क्लब जीईसी पाटन के द्वारा विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर युवाओं को जागृत करने के लिए एक दिवसीय वेबिनार का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता नरेश भाई पटेल ने बताया कि 31 मई को प्रतिवर्ष विश्व तंबाकू निषेध दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि तंबाकू के सेवन से व्यक्ति के जीवन में शारीरिक एवं मानसिक दुषप्रभाव होते हैं। सार्वजनिक स्थलों पर अप्रत्यक्षित धूम्रपान के संपर्क में 24 से 70 फीसद लोग आते हैं। उन्होंने कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा बताया गया कि धूम्रपान और तंबाकू के बने अन्य उत्पादों का सेवन करने वालों को कोरोना वायरस के संक्रमण का खतरा अधिक होता है। गर्भावस्था के समय धूम्रपान अथवा धूम्ररहित तंबाकू का सेवन से होने वाले शिशु को दुषप्रभाव की संभावना अधिक रहती है। एमवीपीजी कालेज महासमुंद की एक भारत श्रेष्ठ भारत क्लब के कॉर्डिनेटर प्रोफेसर अजय कुमार राजा ने कहा कि जिंदगी भगवान का दिया हुआ सबसे खूबसूरत तोहफा है। इस तोहफे को शराब, तंबाकू और गुटखे जैसी चीजों से बर्बाद न करें।

महाविद्यालय के नोडल अधिकारी डॉ ईश्वरी प्रसाद चेलक, डा. मालती तिवारी जिला संगठक रासेयो, कार्यक्रम अधिकारी राजेश्वरी सोनी, दलनायक लक्ष्मण सिन्हा, प्रकाशमणि साहू, गजेंद्र पटेल, दुर्गेश पटेल, ठलेश साहू, गणेश साहू, रोहित ढीमर, सूरज प्रकाश वर्मा, पुलस्त साहू, वैशाली ठाकुर, रोशनी राजपूत, पूर्णिमा साहू सहित सौ से भी अधिक स्वयंसेवक इस वेबिनार में सहभागी बने।




# वेबिनार के जरिए विश्व तंबाखू निषेध दिवस पर युवाओं को किया जागरूक

भास्कर न्यूज | बिरकोनी

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद व शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज पाटन गुजरात के संयुक्त तत्वावधान मे एक भारत श्रेष्ठ भारत क्लब जीईसी पाटन द्वारा एक दिवसीय वेबिनार का आयोजन किया गया। वेबिनार में मुख्यवक्ता नरेश भाई पटेल ने बताया कि 31 मई को प्रतिवर्ष विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि तम्बाकू के सेवन से व्यक्ति के जीवन में शारीरिक एवं मानसिक दुष्प्रभाव होते हैं।

उन्होंने कहा कि ग्लोबल यूथ टोबैको द्वारा किये गये सर्वे के अनुसार 80 प्रतिशत पहली सिगरेट 8 से 13 वर्ष की आयु में पीते हैं। वहीं प्रतिवर्ष 55 हजार बच्चे नियमित रूप से तम्बाकू सेवन करने वालों की सूची में जुड़ रहे हैं, जो कि चिन्ता का विषय है। उन्होंने कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) द्वारा बताया गया कि धूम्रपान और तम्बाकू के बने अन्य उत्पादों का सेवन करने वालों



बिरकोनी। वेबिनार से जुड़े स्टूडेंट्स और टीचर्स।

को कोरोना वायरस के संक्रमण का खतरा अधिक होता है। उन्होंने कहा कि कोविड-19 रोंग के गंभीर प्रकरणों में दिल की बीमारी, कैंसर, सांस की बीमारी एवं मधुमेह के शिकार लोगों के साथ-साथ बड़ी संख्या में धूम्रपान करने वालों की भी होती है। धूम्रपान करने वाले लोगों के शरीर में मुंह से फेफड़ों तक को सुरक्षा देने वाली प्राकृतिक आंतरिक प्रणाली क्षतिग्रस्त हो जाती है, जिससे उनके फेफड़ों की हवा को साफ करने की क्षमता भी समय के साथ कम हो जाती है। शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद की एक भारत श्रेष्ठ भारत क्लब के कॉर्डिनेटर प्रो. अजय कुमार राजा ने कहा कि जिंदगी भगवान का दिया हुआ सबसे खूबसूरत तोहफा है। इस तोहफे को कुछ लोग तो बहुत संजोकर रखते हैं, पर कुछ इस तोहफे को शराब, तंबाकू और गुटखे जैसी चीजों से बदनुमा और बदसूरत कर देते हैं।

इस अवसर पर महाविद्यालय के नोडल अधिकारी डॉ ईश्वरी प्रसाद चेलक, डॉ मालती तिवारी जिला संगठक रासेयो, कार्यक्रम अधिकारी राजेश्वरी सोनी, दलनायक लक्ष्मण सिन्हा, प्रकाशमणि साहू, गजेंद्र पटेल, दुर्गेश पटेल, ठलेश साहू, गणेश साहू, रोहित ढीमर, सूरज प्रकाश वर्मा, पुलस्त साहू, वैशाली ठाकुर, शीतल साहू, वर्षा सिन्हा, भूमिका पटेल, रोशनी राजपूत, पूर्णिमा साहू सहित 100 से भी अधिक स्वयंसेवक इस वेबिनार में सहभागी बने। वेबिनार का संचालन इंजीनियरिंग कॉलेज पाटन गुजरात के एक भारत श्रेष्ठ भारत क्लब के नोडल अधिकारी डॉक्टर एके चौधरी के द्वारा किया गया।

# (12)World Environment day

**महासमुंद(नईदुनिया न्यूज)।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद में प्राचार्य डा. ज्योति पांडेय के आदेशानुसार अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण कर विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य प्रो. एस बरवा, डा. मालती तिवारी, डा. दुर्गावती भारतीय, डा. ईपी चेलक, प्रो. अजय कुमार राजा, प्रो. सीमारानी प्रधान, प्रो. प्रदीप कन्हेर, प्रो. सरस्वती सेठ, राजेश शर्मा, वेद देवांगन, कुंदन देवांगन, दिनेश सिन्हा, अतिथि व्याख्याता परवीन करीम, प्राची गुप्ता, गुप्तेश नामदेव, मधु वर्मा, मुकेश पेंदरिया उपस्थित रहे।



इस अवसर पर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवकों द्वारा डा. मालती तिवारी रासेयो जिला संगठक जिला महासमुंद के निर्देशन एवं कार्यक्रम अधिकारी अजय कुमार राजा व राजेश्वरी सोनी के मार्गदर्शन में अपने अपने घरों में पौधारोपण किया गया। साथ ही पर्यावरण को संरक्षित रखने का संकल्प लिया। रासेयो स्वयंसेवक प्रकाशमणि साहू, सुशील निषाद, जागेश साहू द्वारा ग्राम कुकराडीह में, स्वयंसेवक भूपेंद्र साहू, तिलकचंद साहू, प्रीतम साहू, देवेंद्र साहू, रूपलाल साहू द्वारा ग्राम भोरिंग में, पुलस्त साहू द्वारा ग्राम खुटेरी में, मेघराज साहू द्वारा ग्राम मुस्की में पौधरोपण कर इस कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यक्रम अधिकारी राजा ने बताया कि इस बार विश्व पर्यावरण दिवस 2021 'इकोसिस्टम रिस्टोरेशन' थीम के साथ मनाया जा रहा है। पर्यावरण में फैला प्रदूषण धीरे-धीरे वैश्विक संकट बनते जा रहा है, इसके खिलाफ लोगों को जागरूक करने के लिए ही इस दिन की शुरुआत की गई।

## पर्यावरण बचाने लगाए गए पौधे



**महासमुंद.** शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में महाविद्यालय के परिसर में महाविद्यालयीन अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा पौधे लगाए गए। पर्यावरण बचाने के लक्ष्य को लेकर पौधरोपण कर पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखने की शपथ ली। इस अवसर पर डॉ. ए.करीम, प्रो. एस. बरवा, डॉ. ईपी चेलक, अजय कुमार राजा, राजेश्वरी सोनी, भूषण साहू, वेद देवांगन, राकेश जांगडे, संतोष कन्नौजे, पीलाराम उपस्थित थे।





# कॉलेज परिसर में किया पौधरोपण

**महासमुंद.** शा. महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय परिसर में प्राचार्य डॉ. ज्योति पांडेय के आदेशानुसार अधिकारियों, कर्मचारियों में पौधरोपण कर विश्व पर्यावरण दिवस मनाया. इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य प्रो. एस बरवा, डॉ. मालती तिवारी, डॉ. दुर्गावती भारतीय, डॉ. ई. पी. चेलक, प्रो. अजय कुमार राजा, प्रो. सीमारानी प्रधान, प्रो. प्रदीप कन्हेर, प्रो. सरस्वती सेठ, राजेश शर्मा, वेद देवांगन , कुंदन देवांगन, दिनेश सिन्हा, परवीन करीम, प्राची गुप्ता, गुप्तेश नामदेव , मधु वर्मा, मुकेश पेंदरिया उपस्थित रहे . इसी अवसर पर डॉ.मालती तिवारी, अजय कुमार राजा व श्रीमती राजेश्वरी सोनी के मार्गदर्शन में स्वयं सेवकों ने अपने-अपने घरों में पौधरोपण किया. साथ ही पर्यावरण को संरक्षित रखने का संकल्प लिया. रासेयो स्वयंसेवक प्रकाशमणि साहू, सुशील निषाद, जागेश साहू द्वारा ग्राम कुकराडीह में , स्वयंसेवक भूपेंद्र साहू, तिलकचन्द साहू , प्रीतम साहू, देवेंद्र साहू, रूपलाल साहू द्वारा ग्राम भोरिंग में, पुलस्त साहू द्वारा ग्राम खुटेरी में , मेघराज साहू द्वारा ग्राम मुस्की में पौधरोपण कार्यक्रम अधिकारी अजय कुमार राजा ने बताया कि पर्यावरण में फैला प्रदूषण धीरे धीरे वैश्विक संकट बनते जा रहा है. लोगों को जागरूक करने के लिए ही इस दिन की शुरुवात की गई.

# पौधरोपण के साथ संरक्षित करने का लिया गया संकल्प

**पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क**

patrika.com

**महासमुंद.** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. ज्योति पांडेय के आदेशानुसार अधिका-कर्मचारियों द्वारा महाविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण कर विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया।

इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य प्रो. एस बरवा, डॉ. मालती तिवारी, डॉ. दुर्गावती भारतीय, डॉ. ई पी चेलक, प्रो. अजय कुमार राजा, प्रो. सीमारानी प्रधान, प्रो. प्रदीप कन्हेर, प्रो. सरस्वती सेठ, राजेश शर्मा, वेद देवांगन, कुंदन देवांगन, दिनेश सिन्हा, अतिथि व्याख्याता परवीन करीम, प्राची गुप्ता, गुप्तेश नामदेव, मधु वर्मा, मुकेश पेंदरिया उपस्थित रहे। इस अवसर पर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवकों द्वारा डॉ. मालती तिवारी रासेयो जिला संगठक जिला महासमुंद के निर्देशन एवं कार्यक्रम अधिकारी अजय कुमार राजा व राजेश्वरी सोनी के मार्गदर्शन में अपने अपने घरों में वृक्षारोपण किया गया। साथ ही पर्यावरण को संरक्षित रखने का संकल्प लिया। रासेयो स्वयंसेवक प्रकाशमणि साहू, सुशील निषाद, जागेश साहू द्वारा ग्राम कुकराडीह, स्वयंसेवक भूपेंद्र साहू, तिलकचंद साहू, प्रीतम साहू, देवेंद्र साहू, रूपलाल साहू द्वारा ग्राम भोरिंग, पुलस्त साहू द्वारा ग्राम खुटेरी, मेघराज साहू द्वारा ग्राम मुस्की में वृक्षारोपण कर इस कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यक्रम अधिकारी अजय कुमार राजा ने बताया कि इस बार विश्व पर्यावरण दिवस 2021 इकोसिस्टम रिस्टोरेशन थीम के साथ मनाया जा रहा है। पर्यावरण में फैला प्रदूषण धीरे-धीरे वैश्विक संकट बनते जा रहा है। इसके खिलाफ लोगों को जागरूक करने के लिए ही इस दिन की शुरुवात की गई। प्रदूषण से पृथ्वी से लेकर वायुमंडल तक खतरा मंडराने लगा है।



# (12) Independence Day and Republic Day

















अमृत संदेश | महासमुंद | 28 जनवरी 2020 | 8

# विधायक धनेन्द्र साहू ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली

## महासमुंद नगरपालिका अध्यक्ष ने ध्वजारोहण किया

## आंगनबाड़ी भवन के पास सीसी रोड का भूमिपूजन

## जिला मुख्यालय के मिनी स्टेडियम में मुख्य समारोह का आयोजन,आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति

## झांकी में जिला पंचायत को प्रथम पुरस्कार

## मार्च पास्ट में 20वीं वाहिनी छ.ग.सशस्त्र पुलिस बल प्रथम

## हथकरघा सहकारी संघ के ब्रांडेड कपड़ों (बिलासा) की बिक्री शुरू

## 71 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर महासमुंद कांग्रेस भवन में ध्वजारोहण किया गया

## स्कूलों में योग शिक्षक की भर्ती की मांग को लेकर विधायक से मुलाकात

## विधायक ने दिया शासन का ध्यान आकर्षित कराने का आश्वासन

## ऐसे आयोजनों से बनता है सौहार्दपूर्ण वातावरण-द्वारिकाधीश

## उत्कृष्ट अधिकारी-कर्मचारी,संस्था और खिलाड़ी हुए सम्मानित

## दिव्यांग विद्यार्थी छात्र-छात्राओं को किया गया पुरस्कृत

## बृजराज शाला में सांस्कृतिक कार्यक्रम



# (13) National Science Day and Ozone Day

**कार्यालय प्राचार्य, शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर, महाविद्यालय, महासमुन्द (छत्तीसगढ़)**

Email - pgcollege.mahasamund@gmail.com, Phone- (07723) 299100

**:: प्रेस विज्ञप्ति ::**

**भौतिक शास्त्र विभाग में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन**

दिनांक 28.02.2022

आज दिनांक 28.02.2022 को शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय, महासमुंद के भौतिक शास्त्र विभाग में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया गया जिसमें महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. ई.पी. चेलक, विज्ञान संकाय प्रभारी श्रीमती करूणा दुबे, नैक प्रभारी एवं अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. नीलम अग्रवाल, भौतिक शास्त्र विभागाध्यक्ष श्री मनीराम धीवर ने विज्ञान के लाभ एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण से अवगत कराते हुए विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। इस कार्यक्रम के उपलक्ष्य में एम.एस.सी. द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने भाषण, पोस्टर, स्लोगन एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में भाग लिया। भाषण प्रतियोगित में प्रथम प्रीति श्रेय, द्वितीय स्थान प्रतीक एवं तृतीय स्थान विद्या ने प्राप्त किया। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम मनीषा, द्वितीय किरण रही। स्लोगन प्रतियोगिता में प्रथम जया, द्वितीय प्राची बाजपेयी एवं तृतीय प्रीति श्रेय रही। प्रश्नोत्तरी में आईसटीन टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस आयोजन में भौतिक शास्त्र, गणित एवं वनस्पति शास्त्र के समस्त अतिथि व्याख्याता उपस्थित थे।

प्राचार्य

Principal
Govt.M.V.P.G.College
Mahasamund(C.G.)

प्रति,

संवाददाता,
दैनिक समाचार ........................................ जिला महासमुन्द को प्रकाशनार्थ प्रेषित।

---

**कार्यालय प्राचार्य, महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय, महासमुन्द (छ.ग.)**

**:: सूचना ::**

दिनांक 15/02/2023

विज्ञान संकाय के समस्त नियमित विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि महाविद्यालय में दिनांक 28.02.2023 को विज्ञान दिवस का आयोजन किया जायेगा।

उक्त कार्यक्रम के अंतर्गत निम्नलिखित प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाना हैं –

1. प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता (विज्ञान से संबंधित प्रश्न)
2. पोस्टर प्रतियोगिता (विषय–जल समस्या एवं निदान)
3. वाद–विवाद प्रतियोगिता (विषय–वर्तमान समय में युवाओं के भविष्य निर्माण में मोबाइल का योगदान अहम् है)
4. स्लोगन प्रतियोगिता (विषय–विज्ञान से संबंधित)
5. रंगोली प्रतियोगिता (विषय–विज्ञान की विभिन्न शाखाएं)
6. तात्कालिक भाषण
7. पॉवर प्वाइंट प्रेजेंटेशन (विषय–विज्ञान से संबंधित)

टीपः– 1. पोस्टर प्रतियोगिता हेतु विद्यार्थी (White drawing sheet) एवं Color स्वयं लाएंगे।

2. रंगोली हेतु विद्यार्थी स्वयं रंगोली लाएंगे।

3. एक विद्यार्थी अधिकतम दो प्रतियोगिता में भाग ले सकता है।

4. स्नातक स्तर के विद्यार्थी अपना नाम दिनांक 22.02.2023 तक श्रीमती सरस्वती सेठ (सहायक प्राध्यापक–रसायनशास्त्र) के पास लिखवायें एवं स्नातकोत्तर स्तर के विद्यार्थी अपना नाम अपने विभागाध्यक्ष के पास लिखवायें।

सभी प्रतियोगिताएँ के पश्चात 3:00 बजे तक समाप्त कराएं, ताकि 1 मार्च से वि०वि० वार्षिक परीक्षा की तैयारी की जा सके।

15.02.2023
विज्ञान संकाय प्रभारी

प्राचार्य 15/02/2023

15/02/2023
प्राचार्य
शास.महाप्रभुवल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय,महासमुन्द (छ.ग.)

(18)

# Govt. M.V.P.G. College Mahasamund (C.G.)

## National Science Day 28 February, 2023

### List of Participants

| S.No. | Name of Competition | Number of Participants | Remark |
|---|---|---|---|
| 01 | Quiz Competition | 75 | |
| 02 | Poster Competition | 08 | |
| 03 | Debate Competition | 12 | |
| 04 | Slogan writing Competition | 10 | |
| 05 | Rangoli Competition | 08 | |
| 06 | Tatkalik Bhashan Competition | 04 | |
| 07 | PPT Presentation Competition | 08 | |
| | Total | 125 | |

Incharge — 1) Prof. Karuna Dubey (Asst. Prof.Chemistry)........ 28-02-2023

(2) Prof. M.R.Dhivar (Asst. Prof.Physics)........ 28/02/23

(3) Prof. Saraswati Seth (Asst. Prof.Chemistry)........ 28-02-2023

(4) Prof. Pradeep Kanher (Asst. Prof.Chemistry)........ 28/02/2023

(5) Prof. Priyanka Sonwani (Asst. Prof.Zoology)........ 01/03/23

(6) Mr. Anjan Kumar Bhoi (Guest Lecturer Botany) -........ 01/03/23

(7) Prof. Dipti Patel (Guest Lecturer Mathematics) -........

(8) Mrs. Kavita Bhawalkar (Guest Lecturer Mathematics) -........

(9) Prof. Ku. Namrata Tamboli (Guest Lecturer Chemistry) -........

(10) Prof. Gaurav Soni (Guest Lecturer Mathematics) -........

(11) Prof. Renuka Sahu ( J.B.Asst. Prof Botany) -........



**आयोजन:** पीजी कॉलेज में मनाया गया राष्ट्रीय विज्ञान दिवस

# विज्ञान से जागृत होती है विचार विकसित करने की क्षमता

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



महासमुंद. शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद में 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन संस्था की प्राचार्य डॉ. अनुसुइया अग्रवाल के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में किया गया। इस कार्यक्रम के संयोजक भौतिकशास्त्र के विभागाध्यक्ष प्रो. मनीराम धीवर थे। प्राचार्य डॉ. अनुसुइया अग्रवाल ने कहा कि विज्ञान हमें श्रेष्ठ से जोड़ता है। विज्ञान से सीखने का अवसर प्राप्त होता है तथा विज्ञान से ही देश व समाज की उन्नति होती है। विज्ञान संकाय प्रभारी प्रो. करुणा दुबे ने कहा कि विज्ञान के विद्यार्थी जिज्ञासु प्रवृत्ति के होते हैं।

विज्ञान से तार्किक शक्ति का विकास होता है। साथ ही उन्होंने कहा कि विज्ञान हमारे चारों ओर फैला हुआ है। नेक प्रभारी डॉ. नीलम अग्रवाल ने कहा कि राष्ट्रीय विज्ञान दिवस कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को विज्ञान के प्रति जागरूक करना है। कला संकाय प्रभारी डॉ. रीता पांडे ने सीवी रमन द्वारा किए गए खोज रमन प्रभाव के बारे में जानकारी दी। राजनीतिशास्त्र की विभागाध्यक्ष डॉ. मालती तिवारी ने कहा कि विज्ञान से बौद्धिक विकास एवं विचार विकसित करने की क्षमता जागृत होती है। कार्यक्रम के संयोजक एवं भौतिकशास्त्र के विभागाध्यक्ष प्रो. मनीराम धीवर ने कहा कि इस तरह के आयोजन प्रतिवर्ष होने चाहिए। उन्होंने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के कार्यक्रम को जिला स्तर पर कराने की बात कही।

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य पर महाविद्यालय में विभिन्न प्रकार की गतिविधियां आयोजित की गई। इसमें रंगोली, प्रश्नोत्तरी, वाद-विवाद, नारा लेखन, पोस्टर एवं पीपीटी की प्रस्तुति विज्ञान की विभिन्न शाखाओं पर आधारित थे। इसमें क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी को प्रमाण-पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। पश्चात विज्ञान संकाय के समस्त प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों द्वारा मंचस्थ सभी अतिथियों को स्मृति चिह्न भेंट किया गया। कार्यक्रम का संचालन रसायनशास्त्र के प्रो. प्रदीप कन्हेर और भौतिकशास्त्र के विद्यार्थियों द्वारा किया गया। अंत में रसायनशास्त्र की प्रो. सरस्वती सेठ ने आभार प्रदर्शन किया।

इस अवसर पर प्रो. प्रियंका सोनवानी, गौरव कुमार सोनी, अंजन भोई, नम्रता तम्बोली, दीप्ती पटेल, कविता भवालकर, रेणुका साहू, कोमल साहू, अनुराग सोनी सहित विज्ञान संकाय के समस्त विद्यार्थी उपस्थित थे।

पत्रिका 18.09.2019

## पोस्टर प्रतियोगिता भी हुई

# ओजोन परत के संरक्षण पर दिया जोर

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

महासमुंद. शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद में 16 सितंबर को विज्ञान क्लब द्वारा ओजोन दिवस मनाया गया। ओजोन परत के लगातार हो रहे क्षरण के दुष्परिणाम एवं इसकी रोकथाम के उद्देश्य को लेकर विज्ञान के विद्यार्थियों के मध्य पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई।

उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. जया ठाकुर कला संकाय प्रभारी ने अपने वक्तव्य में कहा कि ओजोन दिवस मनाने के साथ ओजोन परत संरक्षण की दिशा में जागरूकता आवश्यकता है। उन्होंने प्लास्टिक बैग के स्थान पर कपड़े की थैली के उपयोग करने की बात कही। विज्ञान संकाय प्रभारी प्रो.करूणा दुबे ने कहा कि ओजोन परत क्षरण मुख्यतया क्लोरो फ्लुओरो कार्बन से होता है, जिसका उपयोग रेफ्रीजरेशन, एयर कंडीशनिंग, प्लास्टिक फोम एवं क्लीनिंग सालवेंट में होता है। वनस्पतिशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. ईपी चेलक ने कहा ओजोन परत को नुकसान पहुंचाने वाले रसायनों पर नियंत्रण के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर 1987 में मॉन्ट्रियल प्रोटोकाल का गठन किया गया। जिसके अंतर्गत इस वर्ष 2019 का थीम-32 वर्ष और हीलिंग है। भौतिकशास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो. मनीराम धीवर ने बताया ओजोन परत की खोज 1913 में फ्रेंच भौतिक शास्त्री चार्ल्स फेब्री और हेनरी बुशन ने की थी। रसायन शास्त्र विभाग की सहायक प्राध्यापक एवं कार्यक्रम का संचालन कर रही प्रो. सरस्वती सेठ ने बताया कि ओजोन की परत हानिकारक पराबैंगनी किरणों को पृथ्वी के वायुमंडल में प्रवेश करने से रोकता है। ये पराबैंगनी किरणें पौधों और जीव जंतुओं को नुकसान पहुंचाने के अलावा त्वचा कैंसर, सनबर्न, मोतियाबिंद, प्रतिरोधक क्षमता में कमी जैसे अनेक बीमारियां पैदा करती हैं। ओजोन परत संरक्षण की दिशा में उपचारात्मक कदम की जानकारी प्रोजेक्टर द्वारा विद्यार्थियों को दी गई। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रेशमा त्रिपाठी, द्वितीय स्थान मोनिका प्रधान तथा उरूसा खान, तृतीय स्थान ओमप्रकाश साहू ने प्राप्त किया। उक्त कार्यक्रम में रमेश बंजारे आदि उपस्थित रहे।



**आयोजन:** कॉलेज में ओजोन परत दिवस मनाया गया।

## अल्ट्रावायलेट किरणों से सावधान रहने की सलाह

सरायपाली. नेशनल पब्लिक स्कूल बगईजोर में विश्व ओजोन संरक्षण दिवस मनाया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य आतिथ्य पूर्व प्राचार्य दीवाकर मांझी ने विद्यार्थियों को ओजोन की महत्ता बताते हुए उसे संरक्षित रखने शपथ दिलाई। स्कूल संचालक नरेंद्र साहू ने भी विद्यार्थियों को धूप में निकलते समय अल्ट्रावायलेट किरणों से सावधान रहने के लिए जागरूक किया। प्राचार्य नेहा साहू ने भी विद्यार्थियों को ओजोन का महत्व बताया। विद्यार्थियों द्वारा इस विषय पर अनेक कार्यक्रम एवं गतिविधियां प्रस्तुत की गई। प्राचार्य एमएम साहू द्वारा आभार प्रकट किया गया। कार्यक्रम में प्रीति सतपथी, योगेंद्र पटेल, सुमन अग्रवाल, प्रकाश चंद्र बारिक, दीक्षा सतपथी, भुनेश्वर साहू, अनुप्रिया भोई, सीता प्रधान, रेणुका बांक, नवीन बाघ, विनोद चौहान, हेमकुमार पटेल, जोशी रामदास, तरुणा प्रधान, नवीन सिंह, वंदना प्रधान, आलोक प्रधान, सीमा खम्हारी आदि उपस्थित थे।

---

नव भारत 19 ~~सितम्बर~~ 09. 2019




# प्रोजेक्टर में दी ओजोन परत संरक्षण की जानकारी

कार्यालय द्वारा। महासमुंद.

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विज्ञान क्लब द्वारा ओजोन दिवस मनाया गया. ओजोन परत के लगातार हो रहे क्षरण के दुष्परिणाम एवं इसकी रोकथाम के उद्देश्य को लेकर विज्ञान के विद्यार्थियों के मध्य पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. जया ठाकुर थी. उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा है कि ओजोन दिवस मनाने के साथ ओजोन परत संरक्षण की दिशा में जागरूकता आवश्यकता है. उन्होंने प्लास्टिक बैग के स्थान पर कपड़े की थैली के उपयोग करने की बात कही. विज्ञान संकाय प्रभारी प्रो. करूणा दुबे ने बताया ओजोन परत क्षरण मुख्यतया क्लोरो फ्लुओरो कार्बन से होता है. जिसका उपयोग रेफ्रिजरेशन, एयर कन्डीशनिंग, प्लास्टिक फोम एवं क्लीनिंग सालवेन्ट में होता है.

क्लोरो फ्लुओरो कार्बन का जब फोटो केमिकल अपघटन होता है. तो क्लोरिन मुक्त मूलक बनता है. एक क्लोरिन मुक्त मूलक ओजोन के एक लाख अणु को नष्ट कर सकता है. इसके बाद डॉ. ईपी चेलक प्रो. मनीराम धीवर ओजोन परत संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी पश्चात ओजोन परत संरक्षण में पालेश्वर, विनय पण्डा, प्रकाशमणी साहू, हीमेश साहू, भूषण साहू, घनेन्द्र मिश्रा ने भी अपने विचार व्यक्त किये. पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम रेशमा त्रिपाठी द्वितीय मोनिका प्रधान तथा उरूसा खान, तृतीय ओमप्रकाश साहू ने प्राप्त किया. संचालन सरस्वती सेठ ने किया. कार्यक्रम में अतिथि व्याख्याता रमेश बंजारे, मंजू कुमारी पटेल, अंजन भोई, नीतू साहू, नवीता प्रधान प्रयोगशाला तकनीशियन सुराग मानकर, रोहित कन्नौजे, शशांक दानी उपस्थित थे. यह जानकारी कालेज की विज्ञप्ति में दी.

---

नव-भारत 19.09.2019

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विज्ञान क्लब द्वारा ओजोन दिवस मनाया गया. ओजोन परत के लगातार हो रहे क्षरण के दुष्परिणाम एवं इसकी रोकथाम के उद्देश्य को लेकर विज्ञान के विद्यार्थियों के मध्य पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. जया ठाकुर थी.



---

# ओजोन परत के क्षरण से दुष्परिणाम एवं रोकथाम के लिए हुई पोस्टर प्रतियोगिता

## विश्व ओजोन दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

[illegible]

### पराबैंगनी किरण को रोकती है परत

[illegible]



### पोस्टर स्पर्धा में रेशमा रही प्रथम

[illegible]

# (14) Savidhan Diwas

नवभारत
छत्तीसगढ़ • ओडिशा

Mahasamund - 28 Nov 2021 - msd3




## अधिकारों के बारे में दी जानकारी

महासमुंद. शा. पीजी कॉलेज में रासेयो महिला एवं पुरूष इकाई, राजनीति विज्ञान विभाग एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में संविधान दिवस मनाया. उद्देशिका का पठन डॉ. मालती तिवारी ने किया. इस अवसर पर मुख्य अतिथि सुश्री एश्वर्या दीवान सिविल न्यायाधीश वर्ग -2 रहे. अध्यक्षता डॉ. ईपी चेलक ने की. मां सरस्वती की पूजा अर्चना के बाद संविधान उद्देदशिका का विमोचन मंचासीन अतिथियों द्वारा किया गया. पश्चात मुख्य अतिथि सुश्री एश्वर्या दीवान द्वारा कानून की विभिन्न धाराएं एवं न्याय समाज एवं राष्ट्र के लिये हमें जो अधिकार प्राप्त हैं.उसके बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की. तत्पश्चात डॉ. अनुसूइया अग्रवाल,डॉ. जया ठाकुर, रिचा पांडे, डॉ. नीलम अग्रवाल,सी खलको ,डॉ. ईपी चेलक, अजय कुमार राजा,श्रीमती राजेश्वरी सोनी,डॉ दुर्गावती भारतीय, एम एस वर्मा , वैशाली गौतम हिरवे ,श्रीमती सीमा रानी प्रधान, डॉ. आरके अग्रवाल,जीवन चंद्राकर,प्रदीप कण्हेर,श्रीमती गायत्री चंद्राकर,दुर्गेश यदु, आशुतोष गोस्वामी,कुलदीप साहू उपस्थित रहे.


जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद (छ.ग.)
संविधान दिवस
दिनांक 26 नवम्बर
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, महासमुंद
"जागरूक - Wide Awake"
नालसा की योजनाओं को लेकर
पखवाड़ा 14 - 30 नवम्बर, 2019

हरिभूमि

रायपुर - महासमुंद भूमि

27 Nov 2022

# कॉलेज में मनाया गया संविधान दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राजनीति विज्ञान विभाग एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में संविधान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विधिक साक्षरता प्राधिकरण के योगिता वासनिक अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश, दामोदर प्रसाद चंद्रा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद सहित महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर अनुसुइया अग्रवाल, डॉ मालती तिवारी विभागाध्यक्ष राजनीति विज्ञान, डॉ. रीता पांडेय विभागाध्यक्ष इतिहास मौजूद रहे।



सर्वप्रथम स्वागत भाषण डॉ अनुसुइया अग्रवाल ने संविधान दिवस की शुभकामनाएं दी एवं न्याय की सजगता पर जोर दिया। दामोदर चंद्रा ने कहा कि विधिक सेवा प्राधिकरण में किए जा रहे न्याय एवं सुरक्षा के तहत लोगों को शिविरों के माध्यम से जागरूक किया जा रहा है। योगिता वासनिक द्वारा छात्र-छात्राओं को लैंगिक उत्पीड़न में हो रहे अत्याचार में किस प्रकार निजात पाया जा सकता है, आज न्याय तुहर द्वार के तहत न्याय घर-घर तक पहुंच रही है। हम सबको जानने की आवश्यकता है। डॉ मालती तिवारी ने कहा कि न्याय अधिकार और कर्तव्य के लिए सजग और जागरूक रहना ही संविधान दिवस की सार्थकता है।

संविधान की उद्देशिका हमें बताती है कि राष्ट्र के प्रति हमारा क्या कर्तव्य है। इस अवसर पर डॉ. दुर्गावती भारतीय विभागाध्यक्ष हिंदी, दिलीप बढ़ाई विभागाध्यक्ष भूगोल, केशर चंद्र बनपाल, राष्ट्रीय सेवा योजना के वरिष्ठ स्वयंसेवक प्रकाशमणि साहू, गोपी सिन्हा, नीलकंठ पटेल, मनोज देवांगन, ईश्वरी ध्रुव, रोशनी राजपूत, पूर्णिमा साहू समेत एमए राजनीति विज्ञान के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।



दैनिक भास्कर महासमुंद 27-11-2021

# संविधान की रक्षा व कर्तव्यों के पालन का लिया संकल्प



नियमों के पालन व अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने का संकल्प लिया।

**महासमुंद** | शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना महिला व पुरुष इकाई, राजनीति विज्ञान विभाग व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में संविधान दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इसके तहत सभी स्टूडेंट्स, प्राध्यापक व कर्मचारियों ने संविधान की उद्देशिका का पठन कर संविधान की सक्षा, नियमों के पालन व अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने का संकल्प लिया। वहीं दोपहर 2 बजे सिविल न्यायाधीश वर्ग 2 ऐश्वर्या दीवान मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुई और स्टूडेंट्स को संविधान के तहत लागू विभिन्न नियम, कानून व धाराओं के साथ अधिकारों के बारे में विस्तार से बताया। इस दौरान समारोह की अध्यक्षता डॉ. ईपी चेलक ने की। कार्यक्रम में डॉ. मालती तिवारी, डॉ अनुसुइया अग्रवाल, अजय कुमार राजा, रिचा पांडे, डॉ. नीलम अग्रवाल, सी खलको, राजेश्वरी सोनी, डॉ. दुर्गावती मौजूद रहे।

